## **उ0प्र0 विधान परिषद के प्रथम सत्र 2025 के द्वितीय सोमवार हेतु निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न सं0-9 का उत्तर।**

**प्रश्न** | **उत्तर**

9(क) क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा वर्ष 2023-24 में बिजनेस प्लान के अन्तर्गत 250 करोड़ तथा अतिरिक्त बिजनेस प्लान के अंतर्गत 339.5 करोड़ रूपया आवंटन किया गया था?

जी हॉ।

(ख) यदि हॉ, तो उक्त योजना के अन्तर्गत उक्त निगम में कौन-कौन से आकांक्षी जनपद आते है तथा उसमें कौन-कौन से कार्य सुनिश्चित हुये थे और कार्य पूरा होने की क्या स्थिति है?

(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे?

उक्त योजना के अन्तर्गत आकांक्षी जनपदों में कराये गये कार्यों का विवरण

| **आकांक्षी जनपद का नाम** | **33 के0वी0 लाइन के कार्य** | | **11 के0वी0 लाइन के कार्य़** | | **पावर परिर्वतकों की क्षमता वृद्धि** | | **वितरण परिवर्तकों की क्षमता वृद्धि** | | **वितरण परिवर्तकों की स्थापना** | | **एल0टी0 एवं विविध कार्य** | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **स्वीकृत कार्य** | **पूर्ण कार्य** | **स्वीकृत कार्य** | **पूर्ण कार्य** | **स्वीकृत कार्य** | **पूर्ण कार्य** | **स्वीकृत कार्य** | **पूर्ण कार्य** | **स्वीकृत कार्य** | **पूर्ण कार्य** | **स्वीकृत कार्य** | **पूर्ण कार्य** |
| **सोनभ्रद** | 1 | 1 | 6 | 6 | 1 | 1 | 50 | 50 | 43 | 43 | 69 | 69 |
| **फतेहपुर** | - | - | 3 | 3 | - | - | 39 | 39 | 24 | 24 | 30 | 28 |
| **चंदौली** | 7 | 7 | 3 | 3 | - | - | 79 | 79 | 11 | 11 | 21 | 21 |
| **सिद्धार्थ नगर** | 2 | 2 | - | - | 2 | 2 | 148 | 148 | 40 | 39 | 89 | 88 |

**प्रणाली सुदृढ़ीकरण में कराये गये कार्यों की धनराशि का जनपदवार विवरण**

| **आकांक्षी जनपद का नाम** | **बिजनेस प्लान एवं अतिरिक्त बिजनेस प्लान वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत कराये गये कार्यों की स्वीकृत धनराशि (रू0 करोड़ में)** |
|---|---|
| सोनभ्रद | 29.78 |
| फतेहपुर | 38.07 |
| चंदौली | 28.75 |
| सिद्धार्थ नगर | 32.70 |
| योग | 129.3 |

इस प्रकार कुल स्वीकृत 668 कार्यों के सापेक्ष कुल 664 कार्य (99.4 प्रतिशत) पूर्ण हो चुके है। जनपद सिद्धार्थनगर के शेष 2 कार्यों की भौतिक प्रगति क्रमशः 50 एवं 60 प्रतिशत है तथा जनपद फतेहपुर के शेष 2 कार्यों की भौतिक प्रगति 90 प्रतिशत है।

उक्त कार्यों हेतु कुल स्वीकृत धनराशि रू0 129.3 करोड़ के सापेक्ष 111.72 करोड़ (86.4 प्रतिशत) का भुगतान किया जा चुका है।

ए0 के0 शर्मा
ऊर्जा मंत्री।